## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा।
## आम सूचना

दिनांकः—24.08.2026

**कुल 31 पारा विधिक स्वयं सेवकों (पारा लीगल वॉलेंटियर) के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।**

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

**कौन आवेदन दे सकता है**:—नवादा जिला अन्तर्गत ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरुष/अन्य) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर वर्गों एवं वंचित्तों के उत्थान में रूचि रखते हैं या उनके लिए कार्य करना चाहते हैं, इनमें शिक्षक (सेवानिवृत शिक्षक सहित) सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक, छात्र, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, डॉक्टर, विधि के छात्र (जिनका अधिवक्ता के रूप में पंजीकरण नहीं है), गैर—राजनीतिक सेवा उन्मुख गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सहायता समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति स्वेच्छया अन्य व्यक्ति की सेवा में अभिरूचि रखते हो तथा जिन्हें यह विधिक सेवा प्राधिकार, पी.एल.भी के रूप में पहचाने जाने के लिए उपयुक्त समझे।

पारा विधिक स्वयं सेवक के कार्यः—पारा विधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिये पीड़ितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य करना, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दिया जाए।

**आरक्षणः—**पी.एल.भी पदों हेतु किसी प्रकार का आरक्षण अनुमान्य नहीं है, परन्तु स्कीम के अनुरूप सभी वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

**शैक्षणिक योग्यताः—**मैट्रिक पास एवं कम्प्यूटर का ज्ञान अनिवार्य।

**चयन प्रक्रिया—**पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन, साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

**नोटः—**पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन न तो किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है और न हीं अवेदक भविष्य में इस प्रकार का दावा कर सकते हैं। पारा विधिक स्वयं सेवकों को स्वेच्छा से बिना किसी अभिलाभ के कार्य करना है। पारा विधिक स्वयं सेवकों की नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी। साक्षात्कार हेतु सूचना व्यवहार न्यायालय, नवादा के वेवसाईट https://nawada.dcourts.gov.in पर दिया जायेगा।

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, अन्य योग्यताओं का प्रमाण—पत्र तथा कम्प्यूटर से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न कर तीन रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ जिसमें से एक आवेदन—पत्र पर तथा एक साक्षात्कार पत्र पर चिपकाया गया हो, एवं एक आवेदन—पत्र के साथ नत्थी कर पिन कोड संहित स्वपता लिखा एक लिफाफा जिस पर स्पीड पोस्ट हेतु समुचित डाक टिकट सटा हुआ हो, के साथ स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा कार्यालय अवधि के दौरान कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

**आवेदन भेजने का पताः—**सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, पिन—805111

**मानदेयः—**मो० 750/— रूपया प्रति कार्य दिवस। (कार्य दिवस से तात्पर्य उस दिवस अथवा दिवसों से है जिस दिवस हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार किसी पारा विधि स्वयं सेवक को कोई विशेष कार्य निष्पादन हेतु सौंपे।)

**आवेदन की अंतिम तिथिः—**25.09.2026

**साक्षात्कार की तिथिः—**01.10.2026 समय 4:35 अपराह्न

**स्थानः—**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, नवादा।

Ashutosh Kumar Jha. 24/08/2026

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
नवादा।